भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 1267
सोमवार, 25 जुलाई, 2022/03 श्रावण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

जलमार्गों के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा

1267. श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेलः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

**(क)** मध्य प्रदेश में पर्यटन के विकास के लिए वर्तमान में चल रही योजनाओं के नाम और ब्यौरा क्या है;

**(ख)** क्या खरगोन बड़वानी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मां अहिल्या देवी शहर में पर्यटन के विकास के लिए कोई विशेष योजना विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**(ग)** क्या मध्य प्रदेश में जलमार्ग से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष योजना प्रस्तावित है ताकि नर्मदा नदी के क्षेत्र को जलमार्ग परिवहन के लिए विकसित किया जा सके; और

**(घ)** क्या पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बड़वानी से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, गुजरात तक नर्मदा नदी मार्ग से कोई नया जलमार्ग विकसित किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): पर्यटन मंत्रालय ने मध्य प्रदेश राज्य में 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान सम्बन्धी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद) ', के तहत पर्यटन सम्बन्धी अवसंरचना के विकास के साथ-साथ आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत मेलों/उत्सवों और पर्यटन सम्बन्धी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है।

पर्यटन मंत्रालय ने मध्य प्रदेश राज्य में 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' के अंतर्गत भी परियोजना स्वीकृत की है।

उपरोक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं और मेलों/महोत्सवों और पर्यटन सम्बन्धी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए मध्य प्रदेश राज्य को प्रदान की गई वित्तीय सहायता अनुबंध में दी गई है।

इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय ने 'महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल ' की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अन्तर्गत मध्य प्रदेश सरकार को निर्भया निधि के अन्तर्गत

16,79,20,024/- रु. की कुल राशि स्वीकृत की है और वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान प्रथम प्रथम किस्त के रूप में 6**,24,46,860/-** रु. जारी किए हैं।

(ख): खरगौन और बड़वानी संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र में पर्यटन के विकास के लिए मध्य प्रदेश सरकार की योजनाएं नीचे उल्लिखित है:-

- बड़वानी के राजघाट पॉइंट से गुजरात में स्टेचू ऑफ यूनिटी तक पीपीपी मोड पर लक्ज़री रिवर क्रूज पर्यटन विकास।
- महेश्वर घाट पर वर्तमान में संचालित नावों के डीजल इंजन को पीवी सोलार इंजन से (प्रदूषण कम करने के लिए) बदलना।
- मध्य प्रदेश की राज्य सरकार ने महेश्वर (खरगौन) में वस्त्र पर्यटन को प्रोत्साहित करने करने के लिए वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार को 13.33 करोड़ रु. की राशि का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

(ग): मध्य प्रदेश की राज्य सरकार ने सूचित किया है कि रिवर क्रूज पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित प्रस्ताव विचाराधीन है:-

- नर्मदा नदी में बरगी (जबलपुर) से टिडनी (मंडला) तक क्रूज संचालन।
- पीपीपी मोड पर नर्मदा नदी में बडवानी के राजघाट पॉइंट से गुजरात में स्टेचू ऑफ यूनिटी तक लग्जरी रिवर क्रूज पर्यटन का विकास।

(घ): पर्यटन विभाग, मध्य प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि उनका इरादा पीपीपी मोड पर बड़वानी से स्टेचू ऑफ यूनिटी तक नया वाटर कॉरिडोर बनाने का है। डब्ल्यूएपीसीओएस लि. नई दिल्ली को व्यवहार्यता , जल सर्वेक्षण और बाजार मूल्यांकन अध्ययन करने के लिए नियुक्त किया गया है। व्यवहार्यता अध्ययन से प्राप्त परिणामों के आधार पर आवश्यक अनुमति लेने और अवसंरचना विकास के लिए भूमि खरीद की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

*******

अनुबंध

जलमार्गों के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा के सम्बन्ध में दिनांक 25.07.2022 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 1267 के भाग (क) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना (करोड़ रु. में)

| क्र. सं. | राज्यश | परिपथ का नाम | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष 2015-16 | | | | | |
| **1.** | मध्य प्रदेश | वन्य जीव परिपथ | पन्ना - मुकुंदपुर -संजय-डुबरी-बांधवगढ़-कान्हा-मुक्की-पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास । | **92.10** | **81.15** |
| वर्ष 2016-17 | | | | | |
| **2.** | मध्य प्रदेश | बौद्ध परिपथ | सांची-सतना-रीवा -मंदसौर-धार का विकास | **74.02** | **69.08** |
| **3.** | मध्य8 प्रदेश | विरासत परिपथ | ग्वालियर-ओरछा -खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडु का विकास | **89.82** | **85.33** |
| वर्ष 2017-18 | | | | | |
| **4.** | मध्य प्रदेश | इको परिपथ | गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध- ओंकारेश्वर ओंकारेश्वर बांध- इंदिरा सागर बांध- तवा बांध- बरगी बांध- भेड़ाघाट- बाणसागर बांध- केन नदी का विकास | **94.61** | **88.58** |

प्रशाद योजना (करोड़ रु. में)

| क्र. सं. | राज्य | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | अनुमोदित लागत | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | मध्य प्रदेश | ओंकारेश्वेर का विकास | **2017-18** | **44.83** | **35.87** |
| **2.** | मध्य प्रदेश | अमरकंटक का विकास | **2020-21** | **49.99** | **4.86** |

पर्यटन अवसंरचना विकास योजना के लिए केन्द्रीय ऐजेंसियों को सहायता

(करोड़ रु. में)

| क्र. सं. | राज्य | परियोजनाओं का नाम | केंद्रीय एजेंसी | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2020-21 | | | | | |
| **1.** | मध्य प्रदेश | आईटीडीसी द्वारा बेलताल झील , दमोह, मध्य प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना विकास। | आईटीडीसी | **23.16** | **10.08** |

आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत मेलों/उत्सवों और पर्यटन से सम्बन्धित कार्यक्रमों के लिए प्रदान की गई वित्तीय सहायता

(लाख रु. में)

| राज्य का नाम | वर्ष | मेलों और उत्सवों के नाम | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | 2014-15 | मेले, उत्सव और कार्यक्रम | 33.00 | 33.00 |
| | 2015-16 | मेले और उत्सव | 19.00 | 19.00 |
| | 2016-17 | पचमढ़ी उत्सव, पचमढ़ी और जल महोत्सव, हनुवंतिया | 22.00 | 22.00 |
| | | **(i)** विश्व पर्यटन दिवस समारोह<br>**(ii)** शरद उत्सव, भेड़ाघाट (जबलपुर) और<br>**(iii)** मांडू उत्सव | 20.00 | 20.00 |
| | 2017-18 | **(ii)** जल महोत्सव, हनुवंतिया<br>**(iii)** खजुराहो नृत्य महोत्सव | 50.00 | 50.00 |
| | 2018-19 | पचमढ़ी उत्सव और जल महोत्सव | 35.00 | 35.00 |
| | | खजुराहो नृत्य महोत्सव | 15.00 | 15.00 |
| | 2019-20 | **(i)** पचमढ़ी उत्सव, पचमढ़ी<br>**(ii)** जल महोत्सव, हनुवंतिया<br>**(iii)** खजुराहो नृत्य महोत्सव | 50.00 | 50.00 |
| | 2020-21 | बैगा ओलंपिक | 20.00 | 20.00 |
| | 2021-22 | **(i)** पचमढ़ी उत्सव, पचमढ़ी<br>**(ii)** जल महोत्सव, हनुवंतिया<br>**(iii)** खजुराहो नृत्य महोत्सव | 50.00 | 50.00 |

*******